दिनांक–31.08.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में जिला स्तरीय न्यायिक अधिकारियों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन।
- केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि विश्व में बढ़ा है भारत को जानने का आकर्षण ।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर विकास से जुड़े विषयों पर की चर्चा ।
- प्रदेश में कल से फिर शुरू होगा झमाझम बारिश का दौर, कुछ किलों में आज भी बरसेंगे बादल ।

प्रधानमंत्री-न्यायपालिका

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में जिला स्तरीय न्यायिक अधिकारियों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधान मंत्री सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक डाक टिकट और सिक्के का अनावरण करेंगे। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन में बुनियादी ढांचे, समावेशी अदालत कक्ष, न्यायिक सुरक्षा, मुकदमों के प्रबंधन और प्रशिक्षण सहित जिला न्यायपालिका के मुद्दों पर पांच सत्र होंगे।

उद्घाटन कार्यक्रम में भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चन्द्रचूड, केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और अटॉर्नी जनरल भी शामिल होंगे।

टूर ऑपरेटर सम्मेलन

केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि विश्व में भारत के इतिहास, संस्कृति, खानपान, ज्ञान की विविधता को जानने का आकर्षण बढ़ा है। पर्यटन के लिए यह नए अवसरों के द्वार खोलता है। हम सभी को मिलकर एक साथ इस अवसर का लाभ उठाते हुए भारत को वैश्विक पर्यटन का केंद्र बनाने में योगदान देना होगा।

*गजेंद्र सिंह शेखावत*

श्री शेखावत कल भोपाल में भारतीय टूर ऑपरेटर एसोसिएशन के तीन दिवसीय 39वें अधिवेशन के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में पर्यटन के साथ निवेश को बढ़ाने के लिए योजना लागू की गई है। उज्जैन में समय के निर्धारण के लिए स्थापित वैदिक घड़ी विश्व में अनूठा उदाहरण है और राजधानी भोपाल जीता- जागता पर्यटन का केंद्र है। प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाएं तलाशी जा रही हैं।

विमुक्त दिवस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज विमुक्त दिवस पर भोपाल के रविंद्र भवन में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री विभागीय पोर्टल "समर्थ" भी लांच करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन विमुक्त, घुमंतु और अर्धघुमंतु कल्याण विभाग ने किया है. विभागीय मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर और मधयप्रदेश राज्य विमुक्त, घुमंतु और अर्द्ध घुमंतु जाति विकास अभिकरण के अध्यक्ष  बाबूलाल बंजारा विशेष अतिथि होंगे। प्रदेश में विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय के अंतर्गत कुल 51 जातियाँ शामिल हैं।

दिल्ली- उत्तर रेलवे

उत्तर रेलवे ने पलवल के पास नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य को अगली सूचना तक स्थगित कर दिया गया है। उत्तर रेलवे के अनुसार सभी ट्रेनें जिन्हें पहले रद्द, डायवर्ट, शॉर्ट टर्मिनेट, शॉर्ट ओरिजिनेट और परिचालन समय में बदलाव किया गया था, उन्हें तत्काल प्रभाव से बहाल कर दिया गया है।

उद्योग वृद्धि दर

देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों में वृद्धि दर छह दशमलव एक प्रतिशत रही है। आठ प्रमुख उद्योगों का संयुक्त सूचकांक सीमेंट, कोयला, कच्चा तेल, बिजली, उर्वरक, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और इस्पात सहित प्रमुख क्षेत्रों के उत्पादन को मापता है। इस्पात उत्पादन की वृद्धि दर तीन महीने के उच्चतम स्तर सात दशमलव दो प्रतिशत और सीमेंट उत्पादन चार महीने के उच्चतम स्तर साढे पांच प्रतिशत पर पहुंच गया। इस वर्ष बेहतर मानसून के कारण खरीफ की बुआई में तेजी से पेट्रोलियम उत्पादन बढ़कर आठ महीने के उच्चतम स्तर छह दशमलव छह प्रतिशत पर पहुंच गया।

मुख्यमंत्री दिल्ली दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली में कल केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की सभी विकास परियोजनाओं को केन्द्र सरकार का पूरा समर्थन मिलेगा।

डॉ. यादव ने केन्द्रीय रेल और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से प्रदेश में रेल नेटवर्क की आवश्यकता पर चर्चा की। श्री वैष्णव से आईटी के विकास के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने आवास और शहरी विकास एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात में राजधानी परियोजना प्रशासन के संबंध में राशि आवंटित करने का निवेदन किया। वहीं, रक्षा  मंत्री राजनाथ सिंह से बातचीत में उत्तरप्रदेश के डिफेंस इन्वेस्टमेंट कॉरिडोर के विकास की संभावनाओं पर चर्चा हुई, जो मुरैना और दतिया जैसे क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देगा। मुख्यमंत्री ने थल सेना अध्यक्ष से भी मुलाकात की।

लोक निर्माण मॉनिटरिंग सेल

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने राज्य में निर्माण परियोजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए शासन स्तर पर एक मॉनिटरिंग सेल के शीघ्र गठन के निर्देश दिए हैं। यह सेल 50 करोड़ से अधिक की सभी निर्माण परियोजनाओं की विशेष मॉनिटरिंग करेगी।

लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में श्री सिंह ने कहा कि एरियल डिस्टेंस के आधार पर सड़कों की दूरी कम करने पर विचार किया जाये। उन्होंने अधिकारियों को 15 दिवस में इस पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

एनएचएआई द्वारा सड़क निर्माण में कई नवाचार के अध्ययन के लिए भी प्रदेश में एक समिति गठित की जायेगी जो हर 6 माह में इन नवाचार को प्रदेश में लागू करेगी।

मौसम

प्रदेश में 1 सितंबर से फिर झमाझम बारिश का दौर शुरू होगा। इससे पूरा प्रदेश भीग जाएगा। इस दौरान मौसम विभाग ने 35 जिलों में तेज बारिश की सम्भावना व्यक्त की है। आज भी सीहोर-देवास समेत 12 जिलों में तेज बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में एक लो प्रेशर एरिया सिस्टम एक्टिव है। दूसरी ओर, मानसून ट्रफ ऊपर से गुजर रही है। इसके असर से 1 से 3 सितंबर तक पूरे प्रदेश में भारी बारिश का दौर शुरू होगा।

विश्व अंडर-ट्वेंटी एथलेटिक्स

भारत की आरती ने पेरू की राजधानी लीमा में विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की दस हजार मीटर पैदल चाल स्पर्धा का कांस्य पदक जीत लिया है। उन्होंने में राष्ट्रीय अंडर-20 रिकॉर्ड समय के साथ यह पदक जीता।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मध्यप्रदेश जन-अभियान परिषद के राज्य कार्यालय में नव-नियुक्त उपाध्यक्ष मोहन नागर ने कल पदभार ग्रहण किया।
- सागर में डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में कुलगुरु प्रो. नीलिमा गुप्ता को मानद कर्नल रैंक एवं एनसीसी के कर्नल कमांडेंट पद से विभूषित करने के लिए 'पिपिंग सेरेमनी' का आयोजन किया गया
- इंदौर में खादी और ग्रामोद्योग आयोग सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन 6 सितम्बर किया जायेगा।
- रतलाम में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश अनुसार सभी अस्पतालों में चिकित्सकों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के मद्देनजर कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक ने मेडिकल कॉलेज तथा जिला चिकित्सालय का दौरा किया।
- आगर मालवा जिला संघ के तत्वाधान में जिले के बड़ोद स्थित शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कल से भारत स्काउट गाइड का सात दिवसीय बेसिक स्काउट मास्टर प्रशिक्षण शुरू हुआ।
- मंदसौर में गांधीसागर अभयारण्य में स्थित चारागाह क्षेत्रों के प्रबंधन एवं चारागाह क्षेत्रों की मात्रा बढ़ाने के उद्देश्य से 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- डिंडोरी में पीएम जनमन योजना के तहत कलेक्टर ने जिले के प्रत्येक विकास खण्ड में आईसीई कैंपनिंग एवं हितग्राही मूलक योजनाओं हितग्राहियों को अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।
- इंदौर श्री रणजीत हनुमान मंदिर में लगभग 7 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाये जायेंगे। इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है।

- रायसेन में कलेक्टर और एसपी ने कल रात को जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया और  अस्पताल में व्यवस्था में सुधार किए जाने के दिशा निर्देश दिए।
- पन्ना में आज विमुक्ति दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु जनजाति से संबंधित जिला स्तरीय कार्यक्रम और संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।
- निवाड़ी में राजस्व महाअभियान 2.0 के अन्तर्गत राजस्व विभाग द्वारा ईकेवाईसी का कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत कृषकों के आधार कार्ड से मोबाइल नम्बर लिंक किये जा रहे हैं।
- मुरैना में जिला जेल में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन के तहत टी.बी एवं एचआईबी जन जागृति व एक्टिव टीबी खोज शिविर का आयोजन किया गया।

  63वीं राष्ट्रीय ओपन एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन 2 सितम्बर तक बेंगलुरू में किया गया है। इस चैम्पियनशिप म.प्र. खेल अकादमी के खिलाड़ी सुनील डाबर ने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर रजत पदक जीता।
- जयपुर में आयोजित कॉन कॉर्ड कंट्री इंटरनेश्नल प्रतियोगिता में म.प्र. राज्य घुडसवारी अकादमी के खिलाड़ियों ने 1 रजत और 2 कांस्य सहित 3 पदक अर्जित किये हैं।

..................................